राजस्थान सरकार

सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

आई.टी. बिल्डिंग, योजना भवन परिसर, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर

क्रमांकः एफ.2(6855)सूप्रौ/संस्था/16/I/62620/2017 जयपुर, दिनांक 10/1/17

## कार्यालय आदेश

विभाग द्वारा एकीकृत राज ई–ऑफिस एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर (INTEGRATED RAJ e-OFFICE APPLICATION SOFTWARE) के तहत स्टोर प्रबन्धन मॉडयूल (STORE MANAGEMENT MODULE) तैयार किया जा चुका है। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभागीय मुख्यालय पर पदस्थापित (नियमित/प्रतिनियुक्ति) सभी अधिकारी/कर्मचारी दिनांक 11.1.2017 से स्टोर सामग्री प्राप्त करने / सामग्री जमा कराने से संबंधित आवेदन (Request) ई–ऑफिस के मॉडयूल के माध्यम से ही आवेदन करेगें।

उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात् विभाग से स्टोर सामग्री / प्राप्त करने अथवा जमा करवाने से संबंधित कोई भी आवेदन (Request) ऑफ लाईन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

राज ई–ऑफिस एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर के उपयोग के लिए प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारी की एसएसओ–आईडी [SSO-ID (Single Sign On)] होना आवश्यक है। जिन अधिकारियों/कर्मचारियों की अभी तक एसएसओ–आईडी (SSO-ID) नहीं बनी हुई है, वे श्री राजीव गुजराल सीनियर प्रोजेक्ट ऑफिसर, एस.ई.एम.टी. से सम्पर्क कर एसएसओ–आईडी (SSO-ID) अविलम्ब प्राप्त कर ले।

यू.आर.एल. तथा अन्य किसी भी प्रकार की तकनीकी सहायता हेतु हेल्प डेस्क पर सम्पर्क किया जा सकता है, जिसका विवरण निम्नानुसार हैः–

URL :- SSO.rajasthan.gov.in

**HELP DESK** :-
IP No. :- 21304, 22281
Email-ID:- support.eoffice@rajasthan.gov.in

आज्ञा से,

(जयसिंह)
कार्यालयाध्यक्ष

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. वरिष्ठ निजी सहायक, शासन सचिव एवं आयुक्त, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
2. प्रभारी अधिकारी, एकीकृत राज ई–ऑफिस एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
3. श्री राजीव गुजराल सीनियर प्रोजेक्ट ऑफिसर, एस.ई.एम.टी.।
4. समस्त अधिकारी/कर्मचारी को पालनार्थ।
5. रक्षित पत्रावली।

कार्यालयाध्यक्ष